UGC Approved Journal

Multidisciplinary International E-research Journal

Implementation and Impacts of Goods & Service Tax (GST) on Indian Economy

Organized by

The Shendurni Secondary Education Co-op. Society's

Appasaheb R. B. Garud Arts, Commerce and Science College,

Shendurni, Tal. Jamner, Dist. Jalgaon.



■ GUEST EDITOR ■

Principal Dr. Vasudeo R. Patil

■ EXECUTIVE EDITOR ■ **Dr. Shyam J. Salunkhe**

■ ASSOCIATE EDITOR ■ **Dr. Vasant N. Patange**

■ CHIEF EDITOR ■ **Mr. Dhanraj T. Dhangar**

RESEARCH JOURNEY

This Journal is indexed in :

- Scientific Journal Impact Factor (SJIF)
- Cosmoc Impact Factor (CIF)
- Global Impact Factor (GIF)
- Universal Impact Factor (UIF)
- International Impact Factor Services (IIFS)
- Indian Citation Index (ICI)
- Dictionary of Research Journal Index (DRJI)

For Details Visit To : www.researchjourney.net

SWATIDHAN PUBLICATIONS

तथा सामाजिक शांति आदि समस्याओं का उद्‌भव होने से पिछड़े हुए प्रदेशों की समस्याएँ और बढ़ती गयी है। राजनैतिक जागरण का अभाव होना यह एक प्रमुख कारण माना जाता है।

इस समस्या के समाधान हेतू निम्न कुछ प्रमुख उपायों की आवश्यकता है :–

विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करना :– प्रतिव्यक्ति आय, प्रतिव्यक्ति उपभोग, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सिंचाई, रोजगार, उद्योग आदि मापकों पर राष्ट्रीय औसत के नीचे रहनेवाले राज्यों को विशेष राज्यों का दर्जा प्रदान कर उन्हें विशेष मदद करने की आवश्यकता है। बिहार, झारखण्ड जैसे राज्य लगातार बाढ एवं सुखा जैसी प्राकृतिक आपदाओं से ग्रसित है। देश का 80 प्रतिशत खनिज एवं कोयले का भंडार, सोना उगलती धरती, वैभवशाली अतीत विशेष होने के बावजूद बिहार की हालात खराब है अतः ऐसे राज्यों को विशेष आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए।

बुनियादी सुविधाएँ बढ़ाना :– क्षेत्रीय असन्तुलन पर प्राथमिकता के आधार पर विशेष विचार करने की जरूरत है। नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक मे वर्तमान प्रधानमंत्री ने कहा कि, बदलते वैश्विक परिवेश के अनुकूल भारत में बदलाव पर मंथन आवश्यक है। 2022 में देश की स्वतंत्रता की 75 वी वर्षगाँठ होगी। इसलिए भारत की परिकल्पना साकार करना हम सबकी जिम्मेदारी है। सभी राज्यों के समर्थन की आवश्यकता है। सभी राज्यों को पूँजीगत व्यय और बुनियादी सुविधाएँ बढ़ाने की पहल करनी चाहिए।

औद्योगिक विकास :– प्रादेशिक असन्तुलन को दूर करने के लिए लघु तथा मझोले उद्योग (एमएसएमई) एक बड़ा आधार है। विभिन्न प्रदेशों में मुश्किलों से जूझ रहे एम. एस. एम. ई. उपक्रमों को उबारने के लिए योजना बनानी चाहिए। देश आर्थिक विकास एवं रोजगार पैदा करने मे यह उद्योग अहम भूमिका निभाते है। उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों मे बिजली की समस्या गंभीर है।

कृषि विकास :– पिछड़े प्रदेशों एवं क्षेत्रों में उन्नत कृषि पध्दति के प्रचार–प्रसार एवं कृषि इनपूटस् उपलब्ध कराने के विशेष प्रयास करने की अत्यंत आवश्यकता है। इन प्रदेशों में उन्नत किस्म के बीज, उर्वरक तथा सिंचाई सुविधाओं के विस्तार करने की आवश्यकता है। स्थानीय परिस्थितियों एवं जोखिम उठाने की क्षमता को बढ़ाकर असन्तुलन दूर किया जा सकता है। एक ओर पंजाब तथा हरियाणा मे कृषि की उत्पादकता तेजी से बढ़ी है, तो दूसरी ओर मध्य प्रदेश, बिहार, असम, उडिसा राज्यों में यह बहुत कम है। कृषि को प्रोत्साहित करनेवाली नीतियाँ बनाई जानी चाहिए। पहाड़ी क्षेत्रों में बागवानी, वृक्षारोपण, कृषि, पशुपालन, वानिकी आदि के विकास की आवश्यकताएँ है। कृषि मे आज भी हरितक्रांति का इंतजार है।

पिछड़े प्रदेशों में निवेश :– प्रधानमंत्री के 'सबका साथ सबका विकास' इस नारे को जमीन पर उतारने के लिए जरूरी है कि, उन लोगों पर ध्यान दिया जाए, जो विकास की दौड़ में पिछड़ रहे है। देश मे पिछले 25 साल की आर्थिक नीतियों में सबसे ज्यादा उपेक्षा कृषिक्षेत्र की हुई है। पूर्वी और पश्चिमी भारत के बीच पनपी–क्षेत्रीय विषमता को समाप्त करने के लिए इन प्रदेशों में निजी निवेशकों को विशेष प्रोत्साहन की जरूरत है। सरकार के पास इस समय कोष की कमी नहीं है और यह उसके ढाँचागत क्षेत्र में निवेश बढ़ाने का सही समय है। 'स्टार्ट अप इंडिया', 'मेक इन इंडिया', 'स्किल इंडिया' आदि महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए बड़े निवेश का इंतजार है।

अन्य उपाय :– उपरोक्त उपायों के अलावा भूमि सुधार कार्यक्रमों को क्रियान्वयन, सार्वजनिक क्षेत्रों का विस्तार करना, निर्धनता तथा दरिद्रता निर्मुलन कार्यक्रमों को सक्रिय क्रियान्वयन करना, मूल्य नीति तथा वितरण नीति में सुधार लोगों में जनजागृति लाना आदि का समावेश है।

NATIONAL RESEARCH FELLOWS ASSOCIATION

INTERNATIONAL RESEARCH FELLOWS ASSOCIATION'S

RESEARCH JOURNEY

Multidisciplinary International E-research Journal

PEER REFREED & INDEXED JOURNAL

March -2019 Special Issue – 175

Revolutionary Changes in Trade & Foreign Capital (RCTFC2019)

Guest Editor:
Dr. Mangala Sabdra
Principal
Smt. P. K. Kotecha Mahila Mahavidyalaya,
Bhusawal, Dist. Jalgaon

Executive Editors of the issue:
Dr. R. S. Gajare, Smt. P. K. Kotecha Mahila Mahavidyalaya, Bhusawal
Dr. S. C. Patil, Smt. P. K. Kotecha Mahila Mahavidyalaya, Bhusawal
Dr. S. V. Pawar, Smt. P. K. Kotecha Mahila Mahavidyalaya, Bhusawal
Dr. C. D. Wani, I. M. R. College, Jalgaon

Chief Editor:
Dr. Dhanraj Dhangar (Yeola)

This Journal is indexed in :

- University Grants Commission (UGC) List No.
- Scientific Journal Impact Factor (SJIF)
- Cosmoc Impact Factor (CIF)
- Global Impact Factor (GIF)
- International Impact Factor Services (IIFS)

For Details Visit To : www.researchjourney.net

SWATIDHAN PUBLICATIONS

– National level Seminar – Impact of GST – Paper Published
~~Kotett~~ Shendurni – International R. Journey

कर्नाटक 159971/–, हिमाचल प्रदेश 147330/–, आंध्र प्रदेश 137814/–, महाराष्ट्र 130858/–, पंजाब 126606/– रु प्रति व्यक्ति आय है तो इसकी तुलना में निम्न प्रतिव्यक्ति आयवाले राज्य मध्यप्रदेश 59052/–, उत्तर प्रदेश 54658/–, राजस्थान 70966/–, बिहार 36964/–, मिझोराम 97687/– रु है। इन आँकडों से यह स्पष्ट होता है कि, देश के कुछ गीने चूने राज्यों की प्रतिव्यक्ति आय औसत से अधिक है तो कुछ राज्य औसत से कम है। प्रादेशिक असन्तुलन के यह आँकडे जीता जागता उदाहरण है।

कृषि :– चावल के प्रति हेक्टर उत्पादन में दो हजार कि. ग्रें. से अधिक आंध्र प्रदेश, हरियाणा, जम्मु एवं काश्मीर, मणिपूर, पंजाब, तामिळनाडू की हिस्सा है, तो शेष राज्यों में 1000 किलोग्राम के आसपास उत्पादन है। अन्य फसलों के उत्पादन में भी यह राज्य पिछड़े हुए है।

उद्योग :– देश में औद्योगिक दृष्टि से भी प्रादेशिक असन्तुलन पाया जाता है। यह असन्तुलन कारखानों की संख्या स्थायी पूँजी, रोजगार, उत्पादन, शुध्द आय एवं प्रतिव्यक्ति आय के आधार पर देखने को मिलता है। विभिन्न राज्यों में उद्योगों की संख्या में काफी अन्तर है। 10 हजार से अधिक कारखाने वाले राज्य आंध्र प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और तामिळनाडू यह विकसित राज्य है। 5 हजार से 10 हजार तक संख्या वाले राज्य कर्नाटक, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल यह है। 5 हजार से कम संख्यावाले राज्य असम, बिहार, केरळ, उडिसा, मध्य प्रदेश यह औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े हुए राज्य है।

साक्षरता :–साक्षरता की दृष्टि से भी प्रादेशिक असन्तुलन है। केरळ, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, तामिळनाडू, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल एवं हिमाचल प्रदेश जहाँ साक्षरता का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से अधिक है, वही उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश एवं आंध्र प्रदेश इन राज्यों में औसत से कम साक्षरता है। साक्षरता का प्रभाव आर्थिक विकास के साथ–साथ लोगों के सामान्य जीवनस्तर पर भी पड़ता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि, देश के कुछ राज्य तुलनात्मक रूप से विकसित है तो कुछ राज्य पिछड़े है। उल्लेखनीय यह है कि एक राज्य के सभी क्षेत्र समान रूप से विकसित नहीं है, अर्थात कुछ जिले तुलनात्मक अधिक विकसित है, वही कुछ अधिक पिछड़े है।

रेल तथा सड़के :– भारत में दक्षिण तथा पश्चिम प्रदेशों में सड़क यातायात की अधिक सुविधा है तथा रेल्वे यातायात में पूर्वी प्रदेश संपन्न है। अर्थात पिछले कुछ वर्षो में नॅशनल हायवे में काफी बढोतरी हुई है। परंतु पूर्वी तथा उत्तरी प्रदेशों में पहाड़ी इलाकों के कारण सड़कों का जाल कम है। इसके परिणाम स्वरूप दक्षिणी प्रदेशों का जिसमें तामिळनाडू तथा कर्नाटक की विकास दर अधिक है। इसी तरह से पश्चिमी राज्य गुजरात तथा गोवा की विकास दर अधिक है।

मानव विकास निर्देशांक :– देश में मानव विकास निर्देशांक के अनुसार केरल 790, दिल्ली 750, हिमाचल प्रदेश 652, गोवा 617, पंजाब 602, छत्तीसगढ़ 358, ओडिसा 362, बिहार 367, मध्य प्रदेश 375, झारखंड 376 निर्देशांक है।

भारत में प्रादेशिक असन्तुलन के कारण :–

ऐतिहासिक कारण :– भारत में प्रादेशिक असन्तुलन की शुरूआत ब्रिटीश साम्राज्य से ही हुई है। ब्रिटीश काल में तत्कालीन उद्यमियों ने अपने लाभ के लिए देश के कुछ गिने चूने प्रदेशों में ही उद्योगों का प्रारंभ किया, जहाँ प्रचूर मात्रा में कच्चा माल तथा संसाधन उपलब्ध थे। प्रारंभ में ब्रिटीश उद्यमियों ने अपना ध्यान केवल दो प्रदेशों पर ही जैसे पश्चिम बंगाल तथा महाराष्ट्र केन्द्रीत किया। इसमें भी तीन बड़े शहर जिसमें कोलकाता, मुंबई तथा चेन्नई ने ही उद्योगों का केन्द्रीयकरण हुआ। इन प्रदेशों की तुलना में बाकी राज्य उपेक्षित रहे। ब्रिटीशों की शोषण की नीति के फलस्वरूप देश में प्रादेशिक असन्तुलन को प्रारंभ हुआ।

भौगोलिक घटक :– देश के विकास में भौगोलिक घटकों की भी भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है। जो प्रदेश पहाडी है, जहाँ नदीयाँ अधिक है, घने जंगल है, ऐसे प्रदेशों में उद्योगों के विकास में काफी अडचने पैदा होती है तथा उनकी लागतें भी अधिक होती है। ऐसे प्रदेशों में साधनों में गतिशिलता कम पायी जाती है उदा. के हिमालयीन प्रदेश जैसे हिमाचल प्रदेश, उत्तरी काश्मीर, उत्तर प्रदेश, बिहार, अरूणाचल प्रदेश, उत्तरपूर्व राज्य, इनके विकास में भौगोलिक बाधाएँ अधिक है। इसलिए असन्तुलन बना हुआ है।

संरचनात्मक सुविधाओं का अभाव :– किसी भी प्रदेशों के विकास में संरचनात्मक सुविधाओं की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती जैसे यातायात, दूरसंचार की सुविधाएँ, बिजली, बैंक, बीमा, पानी आदि। जिन प्रदेशों में यह सुविधाएँ प्रचूर होती है उन प्रदेशों में उद्योगों का विकास तेजी से होता है। पहाड़ी प्रदेशों में इन सुविधाओं के अभाव में विकास अवरूध्द हो जाता है। भारत के अन्य प्रदेशों की तुलना में हिमाचल प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, अरूणाचल प्रदेश आदि प्रदेशों में संरचनात्मक सुविधाओं की अत्यंत कमी होने से प्रादेशिक असन्तुलन बढ़ा हुआ है।

जनसंख्या का घनत्व :– विभिन्न प्रांतों में जनघनत्व में भी असमानता है, जिसमें अधिक घनत्ववाले राज्य जैसे केरळ, बिहार, उत्तर प्रदेश यह अधिक पिछड़े हुए है। जबकि कम घनत्व वाले राज्य जैसे महाराष्ट्र, तामिळनाडू इनकी तुलना में अधिक विकसित है।

आर्थिक नियोजन की असफलता :– भारत में आर्थिक नियोजन की सभी योजनाओं में एक प्रमुख उद्देश्य के रूप में प्रादेशिक सन्तुलन को महत्त्व दिया गया है, दूसरी पंचवर्षीय योजना से ही इस समस्या पर जोर दिया गया है परंतु इस लक्ष्य की प्राप्ती नही हो सकी। नियोजन तंत्र के द्वारा विकसित तथा अविकसित प्रदेशों के बीच सन्तुलन स्थापित नहीं किया जा सका यह हमारे नियोजन तंत्र की असफलता ही है। नियोजन में कम विकसित प्रदेशों की अपेक्षा विकसित प्रदेशों को ही अधिक धन आबंटीत हुआ। प्रथम योजना से सातवीं योजना तक पंजाब तथा हरियाणा राज्य को ही प्रतिव्यक्ति नियोजन व्यय राशि प्राप्त हुई। इसके साथ ही गुजरात, महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश इन तीन राज्यों को भी अधिक राशि वितरित हुई। परंतु बिहार, आसाम, ओरिसा, उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान इन राज्यों के हिस्से पर कम राशि आबंटीत हुई।

सार्वजनिक उद्योगों का घटियाँ प्रदर्शन :–भारत सरकार की विकेन्द्रीकरण की नीति के तहत पिछड़े हुए प्रदेशों में सार्वजनिक उद्योगों की स्थापना की गई, ताकि सन्तुलित विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। जैसे राऊरकेला, भिलाई, सिंगभूम, बरौनी आदि प्रदेशों में सार्वजनिक उपक्रमों की स्थापना की गई थी। लेकिन इन प्रदेशों में भारी निवेश के बावजूद भी इन उपक्रमों का प्रदर्शन घटियाँ रहा, अर्थात उन प्रदेशों के उद्योग घाटे में रहे।

हरितक्रांति की असफलता :– देश में सभी प्रदेशों में कृषि उत्पादकता में क्रांति लाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा हरितक्रांति के कार्यक्रम को अपनाया गया, परंतु यह क्रांति देश के कुछ प्रदेशों तक ही सीमित रही जिसमें पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात जैसे राज्यों का कृषि उत्पादन बढ़ा परंतु अन्य प्रदेशों में हरितक्रांति का प्रदर्शन निम्नस्तरीय रहा। नई कृषि नीति से आज भी कई प्रदेश अछूते रहे है। बिना सिंचाईवाले प्रदेशों की हालत और भी गंभीर होने से किसानों की आत्महत्या जैसी नई समस्या ने जन्म ले लिया है।

राजनैतिक कारण :– प्रादेशिक असन्तुलन के लिए प्रमुख कारण राजनैतिक अस्थिरता, राजनैतिक दूरदर्शिता, उचित नेतृत्त्व का अभाव यह भी कारण जिम्मेदार है। जिसके परिणामस्वरूप हिंसा, कानून

ISSN – 2348-7143

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये

The Berar General Education Society's

SITABAI ARTS, COMMERCE & SCIENCE COLLEGE, AKOLA

(NAAC Reaccredited "A" grade)

University Grants Commission, Sponsored

One Day National Conference

On 30 January 2018

Economical Study of Regional Disparity in India

Special issue of an International

SCHOLARLY RESEARCH JOURNAL FOR INTERDISCIPLINARY STUDIES

IMPACT FACTOR SJIF (2016)-6.177

ISSN : 2[illegible]–4766 (P), ISSN : 2278-8808 (E)



Editor

Dr. Prasannajit R. Gawai

134.

भारत में प्रादेषिक असंतुलन

प्रा. डॉ. रमेश प्रभाकर जोशी

अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष, श्री संत गाडगे बाबा हिंदी महाविद्यालय, भुसावल, जि. जलगाँव (महाराष्ट्र)

प्रास्ताविक :– असन्तुलन से आशय क्षेत्र विशेष में उपलब्ध क्षमताओं या संसाधनों के उपलब्ध होने के बावजूद उनका विकास न होने से है। एक देश के कुछ प्रांतो को विकसित और कुछ प्रान्तों का पिछड़ा होना अथवा एक ही प्रांत में कुछ क्षेत्रों का विकसित और कुछ कम विकसित होना अथवा एक ही प्रांत में कुछ क्षेत्रों का विकसित और कुछ का पिछड़ा होना प्रादेशिक असन्तुलन कहलाता है। वर्तमान समय मे देश की सबसे प्रमुख समस्या प्रादेशिक असन्तुलन ही है। भारत के विकास में सामाजिक असमानता, आर्थिक असमानता, शैक्षिक असमानता क्षेत्रिय असमानता, आर्थिक असमानता, शैक्षिक असमानता, क्षेत्रिय असमानता तथा औद्योगिक असमानता ही सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। इसे हमें अवश्य समाप्त करना होगा। सामाजिक असमानता के फलस्वरूप आज समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा, बंधुता, मानवता तथा नैतिकता कम होती जा रही है। आर्थिक असमानता के कारण समाज में अरबपतियों तथा अमीरों की संख्या बढ ही रही है लेकिन दूसरी ओर गरीब लोग जिस हाल में थे, आज उसी हालात में है और कुछ लोग अधिक गरीब होते जा रहे है। किसी भी समाज में सामाजिक न्याय की नींव आर्थिक न्याय ही है। आर्थिक समानता के बिना सामाजिक न्याय की कल्पना भी नहीं कर सकते। शैक्षणिक असमानता के कारण ही हम समाज में वंचित वर्ग को अच्छी शिक्षा दे पाने में असफल हो रहे है। किसी भी समाज में शिक्षा के बिना किसी व्यक्ति, समाज या राष्ट्र का विकास हो ही नहीं सकता। क्षेत्रीय असमानता के कारण आज केवल दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बंगलुरू, अहमदाबाद, पुणे और हैदराबाद जैसे शहरों का ही विकास संभव हुआ है। इस पर हमें गंभीरतापूर्ण तरीके से विचार करना होगा। इसी तरह से बिजली, पानी, सड़क, रेल, स्वास्थ्य तथा कृषि जैसे कई क्षेत्रों में असमानताओं से आम जनता को लड़ना पड़ रहा है। किसी क्षेत्रों में चौबीसों घंटे बिजली तो कही आज भी लोग लालटेन की रोशनी में जीने को विवश है। इस प्रकार की असमानता समाज को अंदर ही अंदर खोखला बनाती जा रही है।

भारत में योजना काल में प्रादेशिक असन्तुलन को कम करने के लिए सभी योजनाओं में प्रावधान किया गया। प्रथम योजना में यह कहा गया था कि, 'इस योजना में प्रादेशिक सन्तुलन एवं सतत् संवृध्दिपर उचित ध्यान दिया जायेगा।' दूसरी पंचवर्षीय योजना में भी सन्तुलित प्रादेशिक विकास को आवश्यक बनाता हुए कहा गया था कि, "विभिन्न प्रांतों के बीच विकास के स्तरों में विद्यमान असमानताओं के (क्रमिक) रूप से दूर करना चाहिए। क्षेत्रीय तथा प्रांतीय असन्तुलन के बारे में आठवीं योजना में पुनः चिन्ता व्यक्त कर यह कहा गया कि, "उपलब्ध सूचना से आय तथा धन के संकेद्रण में कमी होने की प्रवृत्ति का कोई संकेत नहीं मिलता।"

यहाँ यह तथ्य विशेष उल्लेखनीय है कि, देश में जहाँ प्रादेशिक असन्तुलन है, वही एक प्रदेश के अंदर में क्षेत्रीय असमानताएँ बहुत अधिक है। अतः नियोजन के लगबग 60 वर्षों के बाद आज भी देश के विभिन्न प्रदेशों में आर्थिक असमानताएँ है। असन्तुलन को, कृषि उद्योग, शिक्षा आदि आधारों पर आँका जा सकता है।

प्रतिव्यक्ति आय :– आर्थिक विषमताओं को मापने का एक सबसे अच्छा मापदण्ड प्रति व्यक्ति आय है। जिन क्षेत्रों में आर्थिक विकास अधिक हुआ है, वहाँ प्रतिव्यक्ति आय अधिक होती है। इसके विपरीत जो क्षेत्र पिछड़े है, वहाँ प्रतिव्यक्ति आय कम होती है। सन 2014–15 के अनुसार सबसे अधिक प्रतिव्यक्ति आयवाले राज्य तामीलनाडू 176228/–, केरल 172268/–, उत्तराखंड 176663/–, तेलंगना

International Indexed & Refereed Research Journal, ISSN 0974-2832, (Print) E-ISSN 2320-5474, January, 2014, VOL-V * ISSUE-60

है कि देश में खाद्यान्न की महगाई की गंभीर समस्या है। खाद्यान्नदार्थ स्थानिय स्तर पर खरीदे और बेचे जाते है। उनका बाहर से आयात संभव नहीं है। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के एक बार बाजार पर नियंत्रण स्थापित करने पर अपनी मनमानी पर उतर सकती है। वे देश के संसाधनों का अनुचित दोहन कर सकती है। डॉ. भरत झुनझुनवाला का कहना है कि हमें एफ. डी. आय. के पीछे दौड़ना नहीं चाहिए। वह हमारे लिए लाभकारी नहीं होगा।

उपभोक्ताओं को हानि :–

विदेशी रिटेल बिझनेस मॉडेल बड़े रिटेल स्टोअर फॉर्मेटपर आधारित है। इनकी ऊर्जा की की खपत बहुत अधिक है, ए. सी. तथा अन्य सुविधाओं के कारण इनके खर्चे बड़े होते है। यह स्टोअर्स अमीरी और विलासिता पर निर्भर जीवन शैली को बढ़ावा देते है। यह जीने की तथा शॉपींग की अमेरिकन शैली है, भारतीय नहीं। कम्पनियों के इन सभी खर्चों का बोझ आखिर उपभोक्ताओं पर ही पड़ेगा। जाहीर है कि उपभोक्ताओं को ऊँचे दामों पर उपभोग करना होगा। अतः सरकार को इन कम्पनियों की योजनाओं पर ध्यान देना होगा।

शोषण की वृत्ति बढ़ेगी :–

कई विकसित देशों में खुदरा कारोबार कम्पनियों पर श्रमिकों एवं कर्मचारियों के शोषण, एकाधिकारी प्रवृत्ति, प्राकृतिक संसाधनों का अनुचित दोहन, पर्यावरण को हानि पहुँचाने तथा समाज में अति उपभोक्तावादी संस्कृति को बढ़ावा देने के आरोप लगाये जा रहे है। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की वृति शोषण की है, जिससे श्रमिकों तथा किसानों के शोषण की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

भ्रष्टाचार एवं विषमता बढ़ेगी :–

एफ. डी. आय. को लागू करने का फैसला केन्द सरकार ने कुछ हद तक राज्य सरकारों पर छोड़ दिया है। सरकारी अधिकारियों तथा वैश्विक कारोबारियों के बीच एक नया समीकरण बन जायेगा। इसे प्रवृति को राजनेताओं द्वारा भी सहायता की जायेगी। रिटेलरों के आपसी रस्साकशी में मुकाबलाखोरी तथा अतिबाजारवाद की वृत्ति बढ़ेगी। परिणाम स्वरूप भ्रष्टाचार एवं पूँजीगत विषमताएँ और अधिक बढ़ेगी। भारतीय विद्वानों का मत है कि भारतीय कालाधन विभिन्न मार्गों से देश के बाहर जाता है और वही कालाधन एफ. डी. आय. के रूप में देश में वापिस आ रहा है। 80 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के रूप में कालाधन ही है। अतः यह भ्रष्टाचार, जमाखोरी एवं काले धन को बढ़ावा देने वाला कदम है।

बेरोजगारी :–

बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ भारत के 130 करोड़ लोगों वाले सबसे बड़े बाजार की ओर आकर्षित है। उनके पास साधन बहुत है। वे बड़े पैमाने पर खरीदारी करेगें और कम दामों पर सामान बेचेगें। वॉलमार्ट जैसी कम्पनियाँ अनेक देशों में यही कर रही है। इसलिए दुनियाभर में इन कम्पनियों के विरोध में आन्दोलन भी हुए है। बहुराष्ट्रीय निगमों का खुदरा बाजार क्षेत्रपर एकाधिकार स्थापित होगा। उनके सामने छोटे–मोटे रिटेल कारोबारी टिक नहीं पायेंगे। इन स्टोअर्स के आसपास के व्यवसाय बन्द हो जायेंगे। परिणामस्वरूप कई लोग बेरोजगारी का शिकार हो सकते है।

निष्कर्ष (Conclusion):–

एफ. डी. आय. पर्यावरण संबंधी समस्याएँ भी उत्पन्न हो सकती है। अतः सरकार को केवल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की ओर आकर्षित नहीं होना चाहिए। आर्थिक तथा पर्यावरण के स्तर पर नियामक बनाकर इन कम्पनियों के कारोबार पर निगरानी रखनी चाहिए तथा आवश्यकता पड़ने पर उचित कदम भी उठाने चाहिए। भ्रष्टाचार, एकाधिकार वृति, जमाखोरी तथा काले धन पर अंकुश रखना परम आवश्यक है, तभी एफ. डी. आय. से लाभ होगा।

संदर्भ ग्रंथ

1) भारतीय अर्थशास्त्र – रुद्रदत्त एवं सुंदरम्
2) हितवाद न्यूज पेपर – 9 जानेवारी 2014
3) प्रतियोगिता दर्पण, अप्रैल 2012, मई 2013
4) द न्यूज चैनल
5) हिन्दुस्थान टाईम्स न्यूज
6) स्थानिय समाचार पत्र
7) रिजर्व बैंक बुलेटिन 2012
8) प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट 2012
9) असिस्टंट प्रोफेसर : नारायण सेटी, राउरकेला रिपोर्ट
10) करंट अफेयर्स – दैनिक भास्कर, देविंदर शर्मा
11) मनोरमा ईयर बुक 2012
12) इंडिया – 2011–12

स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी, दक्ष और कार्यकुशल बनेगा। विदेशी कम्पनियाँ तथा घरेलू खुदरा कारोबार एक दूसरे के साथ–साथ आगे बढ़ेगें।

विदेशी प्रत्यक्ष निवेश से होने वाले लाभ :–

अधोरचना का विकास :– भारत में आर्थिक विकास में एक प्रमुख बाधा संरचनात्मक सुविधाओं की कमी होना है। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के आगमन से परिवहन, ऊर्जा, प्रशीतन, प्रसंस्करण, भण्डारण, शीत श्रृंखला तथा विपणन संबंधी बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा। परिणाम स्वरूप एक ओर उत्पादन की लागतें कम होगी तो दूसरी ओर मुद्रा स्फीति कम होने से उपभोक्ताओं को भी लाभ प्राप्त होगें।

उत्पादन में वृध्दि :–

एफ. डी. आय. से खुदरा व्यापार क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ेगा। उत्पादकता तथा गुणवत्ता में सुधार होगा। भारत में सन 1990 के बाद वस्तु उत्पादन की गुणवत्ता बढी है। आधुनिक तकनीक के कारण अर्थव्यवस्था गतिशील और प्रतियोगी बनने में मदद मिल रही है। मानव संसाधन अधिक कार्यकुशल एवं गुणवत्तापूर्ण होगा तथा हमारी लाइफ स्टाइल भी बदलना संभव है।

खाद्यान्नों की बर्बादी रूकेगी :–

एक अध्ययन के अनुसार हमारे देश में प्रतिवर्ष 15 से 20 प्रतिशत कृषी उपज भण्डारण तथा प्रशीतन के अभाव में बर्बाद होती है। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के आगमन से अच्छे भण्डारण, विनिर्माण, प्रसंस्करण, प्रोसेसिंग तथा विपणन व्यवस्था में सुधार होने से कृषी उत्पादनों का अधिक गुणवत्तापूर्ण और समुचित ढंग से उपयोग किया जा सकता है। रिटेल स्टोअर्स सीधे किसानों से फल, सब्जियॉ तथा खाद्यान्न की खरीदारी करेंगे जिससे किसानों का नुकसान कम होगा।

तकनीकी लाभ :–

खुदरा क्षेत्र में एफ. डी. आय. का सबसे प्रमुख लाभ तकनीकी लाभ है। विश्व की आधुनिक तकनीक देश में आने का मार्ग प्रशस्त होगा। वर्तमान समय में कम्प्युटर, इंटरनेट, मोबाईल, कार, मोटार साइकिल, इलेक्ट्रानिक्स तथा उपभोग के क्षेत्र में नई तकनीकी परिवर्तन के कारण उपभोक्ता वर्ग को अच्छी किस्म की वस्तुऍ उपभोगने को मिल रही है। साथ ही व्यापार में भी विस्तार हुआ है। कृषी यंत्र तथा तंत्र, नये किस्म के बीज, रसायनों तथा खादों का प्रयोग बढ़ेगा। इंजिनिअरिंग तथा औद्योगिक क्षेत्र को भी तकनीकी लाभ प्राप्त होंगे।

रोजगार वृध्दि :–

देश में रोजगार की बड़ी समस्या है। एफ. डी. आय. के कारण लघु तथा कुटीर उद्योगों के साथ–साथ ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों कृषी और औद्योगिक गतिविधियॉ बढ़ेगी। खुदरा व्यापार क्षेत्र में व्यावसायिक क्रियाओं के बढ़ने से रोजगार की नई संभावनाऍ उत्पन्न होगी। देश के खुदरा व्यापार क्षेत्र में लगभग 5 करोड़ लोगों को रोजगार के नये अवसर प्राप्त होने का अनुमान है। यह निश्चित ही भारत के लिए अच्छा लाभ कहा जा सकता है। इतने लोगों को रोजगार प्राप्त होने से उनकी आय तथा उपभोग भी बढ़ेगा।

किसानों की स्थिति में सुधार :–

भारत में किसानों में गरीबी, ऋणग्रस्तता, अज्ञानता, तकनीकी, पिछड़ापन तथा साख की कमी आदि कई समस्याऍ विद्यमान है। एफ. डी. आय. से किसानों की उपज का उचित श्रेणीकरण तथा प्रमापीकरण होगा। शीतगृहों तथा भण्डारण सुविधाओं में सुधार होने से किसानों को होनेवाले नुकसान से बचाया जा सकता है। देश में किसानों में आर्थिक तंगी के कारण आत्महत्याऍ बढ़ी है। इन सभी समस्याओं के समाधान का एक उपाय एफ. डी. आय. हो सकता है।

व्यापार में वृध्दि :–

एफ. डी. आय. से ग्रामीण तथा छोटे शहरों में औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों में वृध्दि होगी। छोटे–छोटे उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। ग्रामीण उत्पादन बड़े शहरों तथा विदेशों में भी पहूँचने की संभावना उत्पन्न होगी। बाजार में व्यापार के साथ–साथ पूँजी का प्रवाह भी बढ़ेगा। जिससे व्यक्तिगत आय में वृध्दि होगी। इस तरह के कई लाभों से एफ. डी. आय. का समर्थन किया जाता है।

एफ. डी. आय. से उत्पन्न होने वाले दोष :–

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के समर्थन में कई तर्क प्रस्तुत किये गये हैं, परंतु फिर भी एफ. डी. आय. के कारण उत्पन्न होनेवाले दोषों की ओर दुर्लक्ष नहीं किया जा सकता।

घरेलू उद्योगों को हानि :–

भारत में अभी भी तकनीकी और गुणवत्ता के आधार पर वैश्विक मानदण्डों के अनुसार घरेलू खुदरा व्यापार में प्रतियोगिता का मोहाल नहीं है। ऐसी स्थिति में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को तुरंत विस्तारित स्तर पर अनुमति देने से खुदरा व्यापार के साथ घरेलू उद्योगों को भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अतः सरकार को सावधानी से कदम उठाने की आवश्यकता है। देश में घरेलू उद्योगों को प्रतियोगिता के लिए सक्षम बनाना होगा। अन्यथा घरेलू उद्योगों के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न लगेगा।

किसानों को हानि :–

कॉर्पोरेट लॉबी के द्वारा यह तर्क प्रस्तुत किया जाता है कि इससे देश के किसान वर्ग को लाभ होगा परंतु वास्तविकता यह है कि बिचोलियों तथा व्यापारी वर्ग के चैन के कारण किसानों को उनके फसलों के उचित दाम मिल नहीं पाते। भारतीय कृषी उत्पादन से संबंधित कानून भी काफी पूराने है। संगठित रिटेल से इस समस्या को हल करना कठिन होगा। विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के सहारे किसानों को अधिक समय तक रखना कठिन होगा। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा किसानों का शोषण भी होने की संभावना है।

महंगाई की समस्या :–

एफ. डी. आय. के समर्थन मे यह भी कहा जाता है कि संगठित रिटेल से महंगाई कम होगी। परंतु वास्तविकता यह

An International Indexed, Refereed, Interdisciplinary, Multilingual, Monthly Research Journal
ISSN 0974-2832
Issue-60, Vol-V, January-2014
Impact Factor-1.0060 UIF.

SHODH SAMIKSHA AUR MULYANKAN

शोध समीक्षा और मूल्यांकन

Dr Ram Joshi

S.S.M.
WAY TO SUCCESS.....
R.A.E.
AN INTERNATIONAL REFERRED RESEARCH JOURNAL
JAIPUR INDIA

Editor
Dr. KRISHAN BIR SINGH

www.ssmrae.com

लोगोंके लिए रोजगार के अवसर काफी कम हो गए है.

7. माँग में कमी :- अमेरिकाके वॉलस्ट्रीट सहित दुनियाभर के शेअरबाजारोंमें सूचिबध्द कंपनियों के शेअरों में गिरावट दर्ज होनेपर वैश्विक मंदी की वास्तविकता सामने आयी है. दुनियाभर की सॉफ्टवेअर कंपनिया, रियल इस्टेट क्षेत्र, टेक्सटाईल, अधोरचना, हवाईसेवा, बैंकिंग सेवा तथा पर्यटन क्षेत्र आदी क्षेत्रोंपर बुरा प्रभाव पडने से संकटग्रस्त कंपनियोंमें वेतन तथा उत्पादन में कटोती के साथ साथ नोकरीयोंको घटाने का दौर भी शुरू हुआ है. इसका बुरा असर बाजारोंपर देखनेको मिला है. लोगोंद्वारा बाजारोंमें वस्तुओंकी माँग कम होने लगी है. होटल, रेस्टॉरंट, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तथा शोरूम ग्राहकोंकी राह जोहने लगे है. कई बडे उद्योगपतीयों ने अपने अरबों डॉलर गवाए है. भारत के शीर्श 10 उद्योगपतीयों की बात करें तो 2008 के दौरान उन्होंने 130 अरब डॉलर गवाऐं है. 28 अक्तूबर 08 का दिन वैश्विक पूँजी बाजार के लिए काला दिन साबीत हुआ है. ग्लोबल रेटिंग एजन्सी तथा वित्तीय आकडों को उपलब्ध करानेवाली स्टॅंडर्ड ॲन्ड पुअर्स के अनुसार वैश्विक मंदी के चलते 2008 में निवेशकोंको लगभग 11 हजार अरब डॉलर की हानी उठानी पड सकती है.

8. भुगतान संतुलनपर बुरा प्रभाव :- वैश्विक मंदीने भारत के व्यापार संतुलन तथा भुगतना संतुलन को भी बुरी तरहसे प्रभावित किया है. रिझर्व बैंक के अनुसार 2008 की पहली तिमाही मे चालू खाते का घाटा 14.64 अरब डॉलर रहा है. तथा भुगतान संतुलन में कूल घाटा 17.88 अरब डॉलर रहा है, जो पिछले साल की तुलना में अधीक है, अर्थात भारत के भुगतान संतुलनपर वैश्विक मंदीका गहरा बुरा प्रभाव पडा है.

सुझाव (Suggestions) :- वैश्विक मंदी और सामान्य आदमी

वैश्विक मंदी के परिप्रेक्षमें हमें इस तरह के कदम उठाने चाहिए की, जिससे हम मंदी के प्रभाव से कम से कम प्रभावित हो सके. हमारी नजरमें इस मंदी की स्थितीमें निम्न बातोंपर अमल करना आवश्यक हैं.

1. मंदी की इस स्थितीमें हमें कम से कम ऋण लेने चाहिए, विशेष कर मकान आदी प्रॉपर्टी की खरिदारी नकद रुपसे करनी चाहिए. 2. हमें अपने सभी प्रकार के ऋणों के भुगतान की अदायगी नियमित और आवश्यक रुप से करनी चाहिए. 3. मंदी के इस दौर मे शेअर मार्केट तथा अन्य नयी खरीदारी को कम से कम करना चाहिए. 4. मंदी के इस दौर मे कोई भी निवेश सोच समझकर तथा परखकर करना चाहिए. 5. मंदी के इस वातावरण में इस समय प्रॉपर्टी आदी संपत्ती को बेचना लाभदायक हो सकता है. 6. हमें आरामदायक खर्चों तथा अन्य अनावश्यक खर्चोंपर प्रतिबंध लगाना चाहिए. 7. वर्तमान परिस्थिती मे अपना वर्तमान व्यवसाय या नोकरी को नही बदलना चाहिए. 8. मंदी का सामना करने के लिए हम सभी को सरकारी की नीतियोंका समर्थन और सहयोग करना चाहिए. 9. आर्थिक बातोंके साथसाथ हमें अपने स्वास्थ्य की ओरभी विशेश रुप से ध्यान देना चाहिए.

इस तरह से कुछ आवश्यक कदम उठाकर हम मंदी की मार से बच सकते है.

निष्कर्ष (Conclusion) :- उपरोक्त विवेचन से यह स्पष्ट होता है कि वैश्विकरण ने इस मंदी की आंधी को सारे विश्व मे फैलानेमें अपना बडा योगदान दिया है. वैश्विक मंदी के कई गंभीर प्रभाव विभिन्न देशोंको भुगतने पड रहे है. विश्व के विभिन्न देशोंने अमेरिकी कंपनियों तथा वित्तीय संस्थाओं में भारी मात्रा में निवेश किया है, इसलिए वे सभी इस लहेर की चपेट मे आ गए है. इसके बावजूद भी भारत में वृध्दी दर 2008–09 के विश्व बैंक के अनुसार 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो वास्तव में इससे भी अधिक अर्थात 6.7 प्रतिशत रही है. यह हमारी अर्थव्यवस्था के मजबूती का लक्षण है. भारत मे मंदी की मार कम रहने का एक प्रमुख कारण भारतीय अर्थव्यवस्था का कृशी व्यवसायपर निर्भर होना है. इसलिए हमें अपने कृशी व्यवसाय की ओर दुर्लक्ष नही करना चाहिए बल्कि उसके विकास की ओर अधिक से अधिक ध्यान देना चाहिए. मंदी के लिए विकसित देशों की फिजुलखर्चीही जिम्मेदार है. अत: हमें अपने गिरेबान में झाँकना पडेगा और अपने अनियंत्रित खर्चों तथा उपभोगवादी प्रवृत्तीपर लगाम लगाकर पुंजीवाद की अपेक्षा मिश्र अर्थव्यवस्थाकोही अपनाना चाहिए ऐसा मेरा मत है.

संदर्भ ग्रंथ

* आर्थिक समिक्षा 2008–09 *रिझर्व बैंक बुलेटिन 2008–09 *जी–20 शिखर सम्मेलन की रिपोर्ट *प्रतियोगिता दर्पण वार्षिक अगस्त 2009 *रिव्यू ऑफ द इकोनॉमी 2008 09 *जागतिक *केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन के आंकडे *वैश्विक विकास वित्त रिपोर्ट 2009 *स्थूल अर्थशास्त्र – म. ना. दाबरे *जागतिक मंदी–स्वरूप व उपाय – डॉ. जे. एफ. पाटील अर्थव्यवस्था – मधुसुदन साठे

International Indexed & Refereed Research Journal, ISSN 0974-2832, (Print) E-ISSN 2320-5474, January 2014, VOL-V *ISSUE-60

शोध पत्र —अर्थशास्त्र

भारत के खुदरा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) लाभ एवं दोष

* प्रा. डॉ. जोशी रमेश प्रभाकर

January, 2014

*असोसिएट प्रोफेसर एवं अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष, श्री संत गाडगेबाबा हिंदी महाविद्यालय, भुसावल (महाराष्ट्र)

सारांश (Abstract):– केन्द्र सरकार के द्वारा उदारीकरण तथा वैश्वीकरण के तहत विदेशी निवेश को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जा रहा है। टेलिकॉम, डिफेन्स, ऑयल रिफायनरीज, खुदरा बाजार, ऊर्जा क्षेत्र तथा स्टॉक एक्सचेंज जैसे क्षेत्र में एफ. डी. आय को खुली छूट दी गयी है। वास्तव में यह भारत के विकास को अस्थायी सपोर्ट लिया जा रहा है। देश के स्थायी विकास के लिए यह उचित नहीं है। देश में व्याप्त भ्रष्टाचार, लाल फीताशाही, स्थानिय विरोध, भू–संपादन की समस्या, राजनेताओं का हस्तक्षेप तथा महंगाई जैसी – कई समस्याएँ विद्यमान है। एफ. डी. आय. के लाभों के साथ–साथ कुछ गंभीर दोष भी है। जिनकी ओर दुर्लक्ष नहीं किया जा सकता। डॉ. भरत झुनझुनवाला के मतानुसार हमें 80 प्रतिशत एफ. डी. आय. काले धन की वापसी है जो भारत से ही बाहर गया हुआ है। देश की पूँजी का प्रवाह बाहर देशों की ओर प्रवाहित हो सकता है। ऐसी स्थिति में हमें अपने ही देश में पूँजी निर्माण को बढ़ावा देना चाहिए। घरेलू खुदरा क्षेत्र में लगे व्यापारी तथा निवेशकर्ताओं को प्रेरित करना चाहिए, उन्हें सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। भारत के दूध के व्यवसाय में अमूल ब्रांड ने कमाल किया है, ऐसे ही फल, सब्जियों एवं अन्य कृषी उत्पादों में भी हो सकता है।

प्रस्तावना (Introduction):–

नये आर्थिक सुधारों के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा मल्टी ब्रांड खुदरा कारोबार के क्षेत्र में 51 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) को 5 दिसंबर 2012 को मंजुरी प्रदान की है। इस के साथ ही देश के 590 अरब डॉलरवाले खुदरा क्षेत्र में वॉलमार्ट, केरफोर, टेस्को, मेट्रो एजी, आईकिया जैसी कम्पनियों के प्रवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ है। निश्चित ही यह एक ऐतिहासिक निर्णय साबित होगा। सरकार के इस क्रांतिकारी निर्णय का विश्वभर में स्वागत भी हुआ है। कहा जाता है कि भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह कदम लाभकारी होगा। लगभग 50 प्रतिशत एफ. डी. आय. भारत, चीन, ब्राझील तथा चीन (ब्रीक) देशों में होगा। इन देशों की अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन विकसित देशों की अपेक्षा बहुत अच्छा रहने की संभावना है। इसका एक प्रमुख कारण यह है कि इन देशों में घरेलू माँग काफी मजबूत बनी हुई है। देश के कुछ विशेष क्षेत्रों में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने अब लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशीप (LLPs) फर्मों में भी अनुमति दी है।

प्रारंभ में ऐसे खुले क्षेत्रों में कार्यरत फर्मों में ही एफ. डी. आय. को अनुमति मिलेगी जिनमें विदेशी निवेश के निगरानी की आवश्यकता नहीं रहेगी। कृषि बागान, प्रिंट मिडिया एवं रियल इस्टेट आदि में संलग्न लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशीप में विदेश निवेश की अनुमति नहीं होगी परंतु उसके लिए विदेशी निवेश प्रमोशन बोर्ड (FIPB) की मंजुरी लेनी पडेगी।

संशोधन पध्दती :–

विद्यमान लघु शोध निबंध के अध्ययन में संशोधन की द्वितीयक अध्ययन पध्दति को स्वीकार किया है। इस निबंध के अभ्यास के स्त्रोत संदर्भ ग्रंथ, किताबों, विभिन्न मॅगझीन्स, न्यूज पेपर्स के लेख, तथा विभिन्न खबरें आदि प्रमुख है। इन स्रोतों से प्राप्त जानकारी तथा अपने स्वयं के विचारों का यथोचित उपयोग किया गया है।

भारत के संदर्भ में खुदरा कारोबार में एफ. डी. आय. की आवश्यकता :–

भारत के संदर्भ में विचार करने योग्य बात यह है कि क्या देश का घरेलू बाजार इतना मजबूत है कि वह बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के साथ चुनौतियों का मुकाबला कर पायेगा? इस प्रश्न का जवाब शायद नही है। प्रत्येक देश में खुदरा व्यापार वह अन्तिम कडी है, जहाँ से सीधे ग्राहकों को वस्तुएँ उपभोगने को मिलती है। यह व्यापार अत्यंत विस्तृत होता है। अंतर्राष्ट्रीय कम्पनी नीलसन के अध्ययन के मुताबिक भारतीय उपभोक्ताओं का पूरी दुनिया में सबसे अधिक विश्वास है। इस बाजार में व्यापार की संभावनाएँ अधिक है। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने इस बाजार पर अपनी मजबूत पकड बनाने की ठान ली है। देश में कृषि के बाद खुदरा व्यापार पर ही सर्वाधिक लोग निर्भर है। एक अनुमान है कि देश में करीब 3 करोड खुदरा व्यापार के पटल है जिसमें 30 से 35 करोड लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है।

भारत की 65 प्रतिशत आबादी कृषि क्षेत्र आश्रित है। दुनिया में भारत दूध के उत्पादन में अव्वल स्थान पर है और फल–सब्जी के उत्पादन में दूसरे स्थान पर है। देश में प्रतिवर्ष कुल कृषि उत्पादनों का उन्नीस से बीस प्रतिशत हिस्सा उचित रखरखाव, विपणन व्यवस्था, शीत श्रृंखला, सुरक्षा, बिजली की कमी, तथा यातायात जैसी सुविधाओं के अभाव में बर्बाद हो जाता है। दूध, सब्जी, फलों में यह नुकसान 40 प्रतिशत है। किसानों को मध्यस्थों के कारण उपज के उचित दाम नहीं मिलते। अधिकांश लाभ बड़े व्यापारी, बड़े किसान, बिचोलिए ही उठा लेते है। भारत में खाद्यान्न तथा शीघ्र नाशवान पदार्थों के प्रसंस्करण की सुविधायें अत्यल्प है। विज्ञान, शिक्षा, तंत्रज्ञान, ऊर्जा, परिवहन आदि सुविधाओं में भी भारत पिछड़ा हुआ है। एफ. डी. आय. से घरेलू खुदरा व्यापार, उत्पादन प्रबंधन, गुणवत्ता तथा विपणन के

SHRI SANT GADGE BABA HINDI MAHAVIDYALAYA

वैश्विक आर्थिक मंदी तथा उसके भारतीय अर्थव्यवस्था पर हुए प्रभाव

*प्रा. डॉ. रमेश प्र. जोशी

प्रस्तावना-इस वैश्विक सुस्ती का सर्वाधिक प्रतिकुल प्रभाव आफ्रिकी, केंद्रीय एवम् पूर्व लॅटीन अमेरिका देशोंपर पडा हुआ है. तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था जैसे की भारत तथा चीन पर वैश्विक मंदी का प्रभाव अपेक्षाकृत कम रहा है. सकल रूप से वैश्विक सकल घरेलु उत्पाद के वर्श 2009 में घटकर 2.9 प्रतिशत रहने की संभावना है, तथा विश्व व्यापार में 10 प्रतिशत की कमी आ सकती है. एशिया में वैश्विक मंदी का सबसे घातक प्रभाव थायलैंड पर पडा है. विश्वबैंक की आशंका है की, सन 2009 में विकासशील देशोंमें विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में 30 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है. कुछ विद्वानों का यह मत है की, यह समझ लेना चाहिए की, इसके जैसा संकट इसके पहले कभी पैदा नही हुआ है. वैश्विकरण ने इस मंदी को सारे विश्व में फैलाने में अपना योगदान दिया है. अर्थशास्त्रीयोंके मतानुसार मुद्रास्फीती ऋणात्मक हो सकती है, लेकिन मुद्रा संकुचन नही. वैश्विक मंदी का संकट शिखरपर पहुंच चुका है. सितंबर, अक्तूबर 2008 में जब अमेरिका के वित्तीय क्षेत्र की नामी, गिरमी कंपनियॉ दिवालिया होने लगी या बिकने लगी तथा विकसित देशों सहीत भारत में शेअरों की किमतों में भारी गिरावट हुई. भारत में मुंबई स्टॉक एक्चेंज का संवेदी सूचकांक 22000 के स्तर से गिरकर कुछ ही दिनों में 9000 के स्तर पर पहुॅच गया. शेअर बाजार में गिरावट का दौर आते ही विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बडे पैमाने पर बिकवाली प्रारंभ कर दी तथा कुछ ही दिनों में भारत से करोंडो डॉलर की पूंजी पलायन कर गई. इसके परिणाम स्वरूप उद्योगोंकी कार्यकुशलता में गिरावट तथा बेरोजगारी जैसे गहरे संकटों का खतरा बन गया. वैश्विक सुस्ती के कारण निर्धन देशोंके बेरोजगारी तथा बडी संख्या में लोगोंके निर्धनता मकडजाल में फस जाने की आशंका बनी हुई है. संभवतः विगत दो दशकों में ऐसा पहली बार हुआ है की, निरपेक्ष तथा सापेक्ष निर्धनता दोनों के प्रसार में वृध्दी हो रही है.

पध्दती (Methods) :- प्रस्तुत शोध निबंध के लिए संशोधन की द्वितीयक पध्दतीका उपयोग किया गया है. किताबों, मॅगझीन, न्यूज पेपर तथा संदर्भ ग्रंथों से समस्त जानकारी संकलित कर उसका यथोचित उपयोग किया गया है.

वैश्विक मंदी के संकट के लिए उत्तरदायी कारण:- वित्तीय बाजारोंके घराशायी होने तथा वैश्विक मंदी का मूल 2003–04 की तेजी में छिपा हुआ है. इस अवधी में वैश्विक विकास दर 5 प्रतिशत हुई थी जो 1970 के दशक के बाद से सर्वाधिक पोशनिय दर रही है. इस समय विकासशील देशोंके पूंजी प्रवाह में रिकॉर्ड स्तर की वृध्दी दर्ज हुई है.

वैश्विक मंदी के लिए निम्नकारण उत्तरदायी है :-

1. **पुर्नभुगतान क्षमता के आकलन के बिना बडे पैमाने पर उधार देना:-** वैश्विक मंदी के लिए जिम्मेदार तत्वोंमें प्रमुख यह है की, अमेरिका जैसे देश में बडे बडे उद्योगों को उनकी पुर्नभुगतान क्षमता का स्पष्ट आकलन किए बिनाही उन्हे अधिक ऋण या उधार दिया गया. जिसके कारण ऐसे ऋणों की अदायगी एक बडी समस्या बन गयी. पिछले कुछ वर्शों के दौरान अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अपने आपको ऋण देने की नीतिपर केंद्रित कर लिया गया. जिसमें अधिकतर हिस्सा आवास ऋण का था. लोगोंको मुक्त भावसे ऋण बाटनें का परिणाम यह हुआ की, ऋणों की वसुली पूर्ण नही हुई और बैंक तथा वित्तीय संस्थान डूबने लगे.

2. **कमजोर निवेश निर्णयन :-** वैश्विक मंदी का एक कारण गलत तरीकेसे निवेश निर्णयन है. अमेरिकी उद्योगपतीयों और वित्तीय संस्थानों ने विकासशील देशोंमें भारी निवेश किया था. उन्होंने अपनी पूजी हटाने से इन विकासशील देशों की परियोजनाएँ और आद्योगिक गतिविधीयॉ रुक जानेसे भी आर्थिक संकट बढता गया.

3. **निजी वास्तविक ब्याजदरों एवम् पर्याप्त तरलता के बारेमें अतिविश्वास तथा सुखाभास :-** मंदी के लिए जिम्मेदार एक कारण यह है कि ऋणों की नीची ब्याजदरे और पर्याप्त तरलता की ओर दुर्लक्ष किया जाना है, सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों का अतिविश्वास तथा सुखाभास में रममाण होना है.

4. **बैंक प्रशासन की दुर्बलताएँ :-** वैश्विक मंदी का एक प्रमुख कारण यह है कि, बैंकिंग प्रशासन की लापरवाही तथा निर्णय लेने की कठोर क्षमता का अभाव होना है. अचानक उत्पन्न हुए इस संकट ने बैंको तथा वित्तीय संस्थानों के अस्तित्व पर गहरा प्रश्नचिन्ह लगा दिया है. दिसंबर 2007 से उत्पन्न सबप्राईम संकट के चलते अमेरिका के लगभग 20 बडे वित्तीय संस्थान दिवालियॉ हो चुके है. अमेरिकी वित्तीय संस्थानों को सॉस लेनाभी मुश्किल हुआ है.

5. **यूज ॲन्ड थ्रो वाली नीति :-** वैश्विक मंदी का अध्ययन किया जानेपर यह प्रश्न उठता है कि, इस वित्तीय संकट

*श्री संत गाडगेबाबा हिंदी महाविद्यालय, शास्त्री विद्यानगर संकुल, शिवाजीनगर, भुसावल

…haraj, Nagpur University Nagpur)

ISSN 0974-2832

MARCH - 2010 Vol.II, Issue - 14

AN INTERNATIONAL LEVEL REFERRED REGISTERED RESEARCH JOURNAL

SHODH SAMIKSHA AUR MULYANKAN

शोध समीक्षा और मूल्यांकन

Hindi, English, Maths, Physics, Chemistry, Biology, Information Technology, Engineering, Management, Commerce, Life Sciences, Home Science Economics, Political Science, Public Administration, Education, Music, Law, Human Science, History, Computer, Psychology

AN INTERNATIONAL RESEARCH JOURNAL
S.S.M.
A WAY TO SUCCESS
R.A.E.
JAIPUR INDIA

Editor
Dr. KRISHAN BIR SINGH

www.ssmrae.com

के लिए कौन जिम्मेदार है? इस प्रश्न के जबाब में यह कहना उचित होगा कि, अमेरिका और युरोप के देशोंकी नीति युज ॲन्ड थ्रो कि है, इसके अलावा कुछ भी नही है. जबतक काम आया तो पुरी दुनिया में उदारीकरण का ढिंढोरा पिटा और खुली वैश्विक अर्थव्यवस्था की वकालत की, जब अपना उद्देश पुरा हुआ तो संरक्षणवाद अपनापर विकासशील देशोंको डूबने के लिए भगवान भरोसें छोड दिया.

6. **वृहत आर्थिक असंतुलन :-** अमेरिकी तथा युरोपियन देशोंमें आर्थिक असंतुलन होने से अनेक आर्थिक समस्याएँ उत्पन्न हुई है. इसके परिणाम स्वरूप यह अर्थव्यवस्थाए स्वयं ही अपने मकडजाल में फस गयी है, ऐसा कहना अनुचित नही होगा.

7. **नियंत्रण का अभाव :-** वैश्विक मंदी के कारणों के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि, विनियामक असफलताए जिम्मेदार है. अमेरिकी तथा युरोपियन देशोंमें बैंकिंग और वित्तीय संस्थानोंकी कियाकलापोंपर उचित नियंत्रण अर्थात विनियामक व्यवस्था न होने से यहाँ बैंकिंग प्रणाली बेकाबू हो गयी और वैश्विक मंदीसे गंभीर समस्या का उद्‌गम हुआ है.

8. **देशोंकी निर्भरता :-** वैश्विक मंदी का एक कारण यह है कि आज विश्व का प्रत्तेक देश किसी न किसी रुप से अमेरिकी अर्थव्यवस्था से जुडा हुआ है, इसके परिणामस्वरूप अमेरिकी मंदी की मार इन देशोंकोभी झेलनी पडी है.

इस तरह से मंदी के कई कारण बताये जा सकते है.

वैश्विक मंदी के परिणाम :- अमेरिका से शुरू हुई मंदी के अमेरिका, युरोपियन देशोंके साथसाथ भारत जैसे विकासशील देशोंकी अर्थव्यवस्थापर गंभीर दुश्परिणाम हुए है. इन परिणामोंकी चर्चा निम्न प्रकार से की जा सकती है.

1.औद्योगिक उत्पादन में गिरावट :- वैश्विक मंदी का प्रभाव विनिर्माण क्षेत्र तथा उनके वैश्विक व्यापार पर पडा हुआ है. 2008 के अंतीम त्रैमास में वैश्विक उत्पादन में अप्रत्याशित रूप से 5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है. सालाना रूप से 21 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी है. जनवरी 2009 में विकासशील देशों में 2.3 प्रतिशत तथा विकसित देशों में 17.3 प्रतिशत से औद्योगिक उत्पादन कम हुआ है. पुंजीगत वस्तुओंका उत्पादन करनेवाले विश्व के देशोंमें जापान में 34 प्रतिशत, जर्मनी में 22 प्रतिशत तथा दक्षिण कोरिया में 12 प्रतिशत की गिरावट हुई है. भारतमेंभी लगभग 8 प्रतिशत के आसपास यह गिरावट दर्ज की गयी है.

2. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में भारी गिरावट :- विश्व बैंक के मतानुसार 2009 में विकासशील देशों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 30 प्रतिशत की गिरावट होगी ऐसा अनुमान है, ऐसा होने का प्रमुख कारण यह है कि, बहुराष्टीय कंपनियोंद्वारा प्रत्यक्ष विदेशी निवेशकी स्थिती के पैमानेपर स्थायी तथा अंतराल आस्थीयोंमें निवेश करना है. लगभग सभी बहुराष्टीय कंपनियोंकी लाभप्रदता में कमी आयी है. वैश्विक स्तर पर वस्तुओंकी किमतोंमें हो रही गिरावट ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह को हतोत्साहित किया है. उर्जा क्षेत्र की अनेक कंपनियोंने अपनी निदेश योजनाओंको सिमित कर दिया है. वैश्विक निवेशक प्राय: विकसित देशों में राष्टीयकरण की नीतियोंको लेकरभी आशंकित है. विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को आकर्शित करने में भारत का स्थान 13 वा रहा हैं, अर्थात भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में कमी आयी है.

3. संसाधनोंकी कमी :- विश्व बैंक के आंकडे दर्शाते है कि इस वित्तीय संकट के कारण विकासशील अर्थव्यवस्था की ओर मौद्रीक प्रवाह, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, पोर्टफोलिओ निवेश, अनुदान एवम् सहायता आधे से भी कम रह गए है. विश्व के निर्धन देश अपेक्षाकृत लंबी अवधी तक आर्थिक मंदी में फसें रहेंगे, क्योंकि इन देशों की सार्वजनिक एवं निजी कंपनियोंके पास वांछित संसाधन नही होंगे. भारत में संसाधनों की कमी पहलेसेही होने से यह संकट और भी गहरा हुआ है.

4. सकल घरेलु उत्पाद में गिरावट :- वैश्विक मंदी के कारण समग्र रुप से घरेलु उत्पाद में 2009 में घटकर 2.9 प्रतिशत रह जाने की संभावना है, तथा विश्व व्यापार में 10 प्रतिशत की कमी आ सकती है. युरोप तथा एशिया में 5 प्रतिशत की कमी आएगी. भारत जैसे देशों के विदेशों में कार्यरत श्रमिकोंद्वारा स्वदेश भेजे जानेवाले अंतरणों एवम् विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में भारी गिरावट आयी है. एशिया में वैश्विक मंदी का सबसे घातक प्रभाव थायलैंड पर पडा है. भारत के सकल घरेलु उत्पाद में लक्षणीय गिरावट देखी गयी है.

5. विदेशी व्यापार में गिरावट :- वैश्विक मंदी के प्रभाव से कोई भी देश अछूता नही रहा है. विश्व का प्रत्येक देश किसी न किसी रुप से अमेरिका के बाजार से जुडा हुआ है, जिसके परिणामस्वरुप अमेरिका के साथ साथ इन देशों के विदेशी व्यापार में भी गिरावट दर्ज हुई है. आर्थिक समिक्षा के अनुसार भारत में 2008–09 के लिए 200 अरब डॉलर का निर्यात का लक्ष निर्धारित था, जो घटकर 175 अरब डॉलर रहा है, परंतु वास्तव में यह केवल 168.7 अरब डॉलर ही रहा है. जो गत साल की तुलना में 3.6 प्रतिशत की वृध्दी दर्शाता है. भारत का निर्यात 25 प्रतिशत से भी अधिक घटा है. वैश्विक मंदी के कारण भारत के निर्यातों में संवृध्दी दर काफी कम रही है. भारत की निर्यात में बडा हिस्सा रखनेवालें रत्न एवम् आभूशण उद्योग, टेक्सटाईल एवम् रेडिमेड वस्त्रोंकी हजारों इकाईयॉ बंद हो चुकी है.

6. बेरोजगारी :- वैश्विक मंदी का सबसे बडा असर रोजगार पर हुआ है. भारत जैसे विशाल जनसंख्यावाले देशमें बेरोजगारी की समस्या पहले से ही गंभीर है, वैश्विक मंदी ने इस समस्या को अधिक व्यापक बना दिया है. रत्न, आभुशण, वस्त्रोद्योग की लाखों इकाईयॉ बंद हो जाने से कई लाख लोगों को अपनी नौकरियों से हाथ धोना पडा है और जो लोग विदेशों में नौकरी हेतू गए थे उनमें से कई लोग अपने देशमें वापस आए है. इसका परिणाम यह हुआ की, भारत में बेरोजगारी कि समस्या और अधिक गंभीर बन गयी. विदेशों में भारतीय